

# सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार कॉलेज, नवलगढ

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## प्रथम त्रैमासिक गतिविधि रिपोर्ट

## इकाई प्रथम एवं द्वितीय

**(सत्र 2025-26)**

**कार्यक्रम अधिकारी**
**डॉ. जयप्रकाश प्रजापति (इकाई प्रथम)**
**प्रो. रचना (इकाई द्वितीय)**

**प्राचार्य**
**(डॉ सत्येंद्र सिंह)**

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**

**<u>प्रथम त्रिमासिक प्रतिवेदन</u>**

**इकाई** - प्रथम एवं द्वितीय

**सत्र** - 2025-2026

**अवधि** - जुलाई 2025 से सितम्बर 2025

## 1. परिचय (Introduction):

सत्र 2025-26 के सफल संचालन हेतु इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा जुलाई माह में गतिविधियों का खाका तैयार किया गया। इस त्रिमासिक का मुख्य उद्देश्य नए स्वयंसेवकों का नामांकन, सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण रहा।

## 2. मासिक गतिविधियों का विवरण (Monthly Activity Details)

### A. जुलाई 2025: नामांकन एवं ओरिएंटेशन

- **एन.एस.एस. स्वयंसेवक पंजीकरण अभियान (10 जुलाई – 30 सितंबर 2025):** सत्र 2025–26 के अंतर्गत नवीन स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. से जोड़ने हेतु पंजीकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा कुल 116 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया गया।




**एन.एस.एस. स्वयंसेवक पंजीकरण अभियान (10 जुलाई – 30 सितंबर 2025)**

- **सघन पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान (19–25 जुलाई 2025):** इस अवधि में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन पौधरोपण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित वातावरण के महत्व पर जागरूकता फैलाई गई।






**सघन पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान (19–25 जुलाई 2025)**

- **ओरिएंटेशन प्रोग्राम:** नए स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के आदर्श वाक्य "**स्वयं से पहले आप" (Not Me But You)** और अनुशासन से परिचित कराया गया।





**ओरिएंटेशन प्रोग्राम**

**B. अगस्त 2025: देशभक्ति एवं राष्ट्रीय खेल**

- **स्वतंत्रता दिवस:** 15 अगस्त को ध्वजारोहण और देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन।
- **राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त 2025):** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद एवं फिटनेस संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे विद्यार्थियों में खेल भावना एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी।






**राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त 2025)**



# सेठ जीबी पोदार कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। कस्बे स्थित सेठ जीबी पोदार कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी की ओर से संयुक्त रूप से राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को खेल के महत्व और जीवन में उसके योगदान के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विभिन्न खेल जैसे वॉलीबॉल, बैडमिंटन और लूडो का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्सए और कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीआर व आईपी निदेशक डॉ विनोद कुमार सैनी ने खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक किया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ सत्येन्द्र सिंह ने भारत के महान खिलाड़ियों के जीवन और उनकी उपलब्धियों के बारे में बतायाए जिससे छात्रों को प्रेरणा मिली। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जयप्रकाश प्रजापति और ले. कमलेश कुमार (एनसीसी) अधिकारीद्ध ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों की आवश्यकता और स्वस्थ जीवन में उनकी भूमिका के बारे में बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो रचना ने विशेष रूप से छात्राओं को महान महिला खिलाडि ?ों से प्रेरित होकर खेलों में बढ़.चढकर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के पोदार, ट्रस्टी डॉ वेदिका पोदार और अधिशाषी निदेशक निदेशक एमडी शानभाग ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

**NEWS**

**C. सितम्बर 2025: सेवा एवं स्थापना दिवस**

- **शिक्षक दिवस (5 सितंबर 2025):** गुरु-शिष्य परंपरा और समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा।






**शिक्षक दिवस (5 सितंबर 2025)**



CMYK

झुंझुनं,सीकर, बाड़मेर शेखावाटी सन्देश

अधिकतम तापमान 29.8°

# पोदार शैक्षणिक संस्थानों के 175 से अधिक शिक्षकों का किया सम्मान

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। शिक्षक दिवस पर दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट नवलगढ़ एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार महाविद्यालय सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में पोदार शैक्षणिक संस्थानों के 175 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती तथा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ हुई।

समारोह में पोदार कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र सिंह ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। एमण्डी शानभाग कार्यकारी निदेशक पोदार ट्रस्ट, प्रो एमसी मालू सचिव पोदार ट्रस्ट, दीपांशु राव महाप्रबंधक, पीआर व आईपी निदेशक डॉ विनोद कुमार सैनी, नवीन शर्मा क्लस्टर प्रमुख झुंझुनूं एचडीएफसी बैंक, विनय जैन शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक नवलगढ़ इन सभी अतिथियों ने शिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट कर उनको सम्मानित किया। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक की टीम नवीन शर्मा, अमूल सैनी, राहुल सिंह, दिनेश कुमावत और श्याम कुमार ने साइबर सुरक्षा, निवेश, व्यक्तिगत ऋण, वेतन योजनाएं और डिजिटल बैंकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की जो शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। डॉ सत्येंद्र सिंह प्राचार्य पोदार कॉलेज, डॉ दुर्गा भोजक प्राचार्या पोदार टीटी कॉलेज, एसएस बखशी प्राचार्य आईटीआई, सीकेजीन प्राचार्य जीपीएस, डॉ पूजा पंवार प्राचार्या पाना बाई रामनाथ पोदार सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रेजुला देवासी प्राचार्या जीपीएस बेरी, ज्योति तिवारी प्राचार्या टाइनी टॉडलर स्कूल के साथ ही सभी शिक्षकों को भी इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

समापन सत्र में एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक विनय जैन ने सभी शिक्षकों, आयोजकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल जोशी ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव के पोदार, ट्रस्टी डॉ वेदिका पोदार ने भी सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं और शिक्षकों की भूमिका को समाज निर्माण में अतुलनीय बताया।

- **आत्महत्या रोकथाम जागरूकता रैली (10 सितंबर 2025):** मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने एवं आत्महत्या रोकथाम के संदेश के साथ रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने समाज को सकारात्मक सोच का संदेश दिया।






**आत्महत्या रोकथाम जागरूकता रैली (10 सितंबर 2025)**



# नवलगढ़ में आज निकलेगी आत्महत्या रोकथाम जागरूकता रैली

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। कंगारू माइंड्स व पोदार एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस के संयुक्त तत्वावधान में आत्महत्या रोकथाम जागरूकता रैली बुधवार को सुबह 10 बजे से निकाली जाएगी। जिसका उद्देश्य आशा की प्रेरणा देना और आत्महत्या के विरुद्ध एकजुट होकर खड़े होना है। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट नवलगढ़ के पीआर एवं आईपी निदेशक डॉ विनोद कुमार सैनी ने बताया कि रैली सेठ ज्ञानीराम बंसीधर पोदार महाविद्यालय से रवाना होगी।

**NEWS**

- **रक्तदान शिविर में सहभागिता (17 सितंबर 2025):** एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने रक्तदान शिविर में भाग लेकर मानव सेवा का परिचय दिया तथा रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाई।




**रक्तदान शिविर में सहभागिता (17 सितंबर 2025)**

- **स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर – 2 अक्टूबर 2025):** इस पखवाड़े के दौरान स्वच्छता अभियान, सफाई कार्यक्रम एवं जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिससे स्वच्छ भारत मिशन को बल मिला।

- **एन.एस.एस. स्थापना दिवस एवं एक दिवसीय शिविर (24 सितंबर 2025):** एन.एस.एस. स्थापना दिवस के अवसर पर एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के उद्देश्यों एवं सामाजिक दायित्वों से अवगत कराया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना
# इकाई प्रथम एवं द्वितीय
# प्रथम एक दिवसीय शिविर (24.09.2025)

## प्रथम सत्रः-
## (एन.एस.एस. स्थापना दिवस समारोह एवं प्रेरक संबोधन)

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 24 सितंबर 2025 को दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार महाविद्यालय, नवलगढ़ में आयोजित एक दिवसीय शिविर के प्रथम सत्र में भाषण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया।

प्रथम सत्र में टी.पी.ओ. अनिल कुमार शर्मा ने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सामाजिक सेवा में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया तथा एन.एस.एस. को व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम बताया। प्रबंधन विभाग के डीन डॉ. अम्बरीश शर्मा ने एन.एस.एस. से जुड़ने से विद्यार्थियों के जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. जयप्रकाश प्रजापति ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, आदर्श वाक्य एवं समाज में इसकी भूमिका पर विस्तार से अपने विचार रखे।

प्रथम सत्र में उपस्थित अतिथियों के प्रेरक संबोधनों से स्वयंसेवकों में सेवा-भाव, अनुशासन, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास हुआ। यह सत्र ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

## ❖ द्वितीय सत्र:-
## (श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान)

एक दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य स्वयंसेवकों में सामूहिक कार्य, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना को व्यवहारिक रूप से विकसित करना था। एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान कचरे का समुचित निस्तारण किया गया तथा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। श्रमदान के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह अनुभव किया कि समाज सेवा केवल विचारों तक सीमित नहीं होती, बल्कि व्यवहारिक कार्यों से ही वास्तविक परिवर्तन संभव है।

श्रमदान गतिविधि के दौरान स्वयंसेवकों में अनुशासन, सहयोग एवं नेतृत्व क्षमता देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के डीन डॉ. एच.पी. सिंह द्वारा स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। द्वितीय सत्र सेवा एवं समर्पण की भावना से परिपूर्ण रहा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

एक दिवसीय शिविर – समय सारणी

| समय | कार्यक्रम |
|---|---|
| 09:30 AM – 10:00 AM | स्वयंसेवकों का पंजीकरण, प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत |
| 10:00 AM – 11:45 AM | **प्रथम सत्र** (उद्घाटन समारोह / भाषण / विचार गोष्ठी) |
| 11:45 AM – 12:00 PM | **नाश्ता अवकाश** |
| 12:00 PM – 02:30 PM | **द्वितीय सत्र** (व्याख्यान / जागरूकता कार्यक्रम / संवाद) |
| 02:30 PM – 04:00 PM | समूह चर्चा / गतिविधि / अनुभव साझा |
| 04:00 PM – 04:30 PM | समापन, आभार ज्ञापन एवं राष्ट्रगान |







**एकदिवसीय शिविर (24 सितंबर 2025): पहला सत्र**







**एकदिवसीय शिविर (24 सितंबर 2025): दूसरा सत्र**







**एकदिवसीय शिविर (24 सितंबर 2025): दूसरा सत्र**

# एनएसएस के स्थापना दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, नवलगढ़।** कस्बे के दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी. बी. पोदार कॉलेज नवलगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना का 56वां स्थापना दिवस मनाया गया। उपरोक्त




दिवस के अवसर पर प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस की दोनों इकाइयों की ओर से स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मां सरस्वती के पूजन और अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। टीपीओ अनिल कुमार शर्मा ने एनएसएस स्वयंसेवकों को सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रबंधन विभाग के डीन डॉ अम्बरीश शर्मा ने एनएसएस लेने से जीवन में क्या-क्या फायदे होते हैं, उनके बारे में बताया। इसके पश्चात एनएसएस प्रभारी डॉ जयप्रकाश प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के डीन डॉ एचपी सिंह द्वारा एनएसएस स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला करता है इसलिए युवाओं को इसके खिलाफ सबसे आगे आना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. रचना ने सभी अतिथियों तथा उपस्थित जनमानस का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को और सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी डॉ. वेदिका पोदार, अधिशाषी निदेशक एम.डी. शानभाग, निदेशक पी.आर. एवं आई.पी. डॉ. विनोद कुमार सैनी तथा पोदार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र सिंह ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।



# सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार कॉलेज, नवलगढ

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## द्वितीय त्रैमासिक गतिविधि रिपोर्ट

### इकाई प्रथम एवं द्वितीय

**(सत्र 2025-26)**


**कार्यक्रम अधिकारी** — **प्राचार्य**

**डॉ. जयप्रकाश प्रजापति (इकाई प्रथम)** — **(डॉ सत्येंद्र सिंह)**

**प्रो. रचना (इकाई द्वितीय)**

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**

**<u>द्वितीय त्रिमासिक प्रतिवेदन</u>**

**इकाई** - प्रथम एवं द्वितीय

**सत्र** - 2025-2026

**अवधि** - अक्टूबर 2025 से दिसम्बर 2025

## परिचय (Introduction)

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) का मुख्य उद्देश्य "स्वयं से पहले आप" (**Not Me But You**) के आदर्श वाक्य को चरितार्थ करते हुए छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास और समाज सेवा की भावना जागृत करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु सत्र 2025-26 के द्वितीय त्रैमास (अक्टूबर से दिसम्बर 2025) के दौरान इकाई प्रथम द्वारा विभिन्न रचनात्मक और जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस त्रैमासिक अवधि में इकाई प्रथम ने न केवल राष्ट्रीय महत्व के दिवसों को उत्साहपूर्वक मनाया, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, मानसिक स्वास्थ्य और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जन-जागरण का कार्य भी किया। स्वयंसेवकों ने श्रमदान, रैलियों और कार्यशालाओं के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया। प्रस्तुत प्रतिवेदन में इस अवधि के दौरान आयोजित प्रमुख गतिविधियों का विवरण दिया गया है।

## प्रमुख गतिविधियों का विवरण (Detailed Report)

1. **गांधी जयंती एवं स्वच्छता अभियान (02 अक्टूबर 2025):**

   राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर इकाई द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बापू के सिद्धांतों को याद करते हुए स्वयंसेवकों ने "**स्वच्छता ही सेवा"** का संकल्प लिया। इसके अंतर्गत कॉलेज परिसर एवं निकटवर्ती क्षेत्र में श्रमदान कर सफाई की गई और लोगों को अहिंसा एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया।






**गांधी जयंती एवं स्वच्छता अभियान (02 अक्टूबर 2025)**

2. **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर 2025):**

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए इकाई ने **जागरूकता रैली एवं संवाद कार्यक्रम** का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने पोस्टरों के माध्यम से यह संदेश दिया कि शारीरिक स्वास्थ्य की तरह मानसिक स्वास्थ्य भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस चर्चा में तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच पर बल दिया गया।







**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर 2025)- जागरूकता रैली**







**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (10 अक्टूबर 2025)- जागरूकता रैली**

3. **सम्भाग स्तरीय कार्यशाला (14 अक्टूबर 2025):**

राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, सीकर में आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश प्रजापति एवं स्वयंसेवक नरेंद्र सिंह ने भाग लेकर राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित अनुदान प्रक्रिया, माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, डी.जी. लॉकर का प्रशिक्षण, साईबर सिक्योरिटी तथा अन्य विविध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कि गई।







**सम्भाग स्तरीय कार्यशाला (14 अक्टूबर 2025)**

**4. संविधान दिवस (26 नवम्बर 2025):**

भारतीय संविधान की गरिमा को अक्षुण्ण रखने हेतु संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया गया। स्वयंसेवकों को उनके मौलिक अधिकारों के साथ-साथ नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया, ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।







**संविधान दिवस (26 नवम्बर 2025)**



# सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार कॉलेज, नवलगढ

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## तृतीय त्रैमासिक गतिविधि रिपोर्ट

## इकाई प्रथम एवं द्वितीय

**(सत्र 2025-26)**

**कार्यक्रम अधिकारी**

**डॉ. जयप्रकाश प्रजापति (इकाई प्रथम)**

**प्रो. रचना (इकाई द्वितीय)**

**प्राचार्य**

**(डॉ सत्येंद्र सिंह)**

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
## <u>तृतीय त्रिमासिक प्रतिवेदन</u>

**इकाई** - प्रथम एवं द्वितीय
**सत्र** - 2025-2026
**अवधि** - जनवरी 2026

1. **परिचय (Introduction):**

सत्र **2025–26** के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) **इकाई प्रथम एवं द्वितीय** द्वारा **जनवरी माह** में विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवधि में **सात दिवसीय विशेष शिविर** का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्वयंसेवकों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। शिविर के दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित गतिविधियाँ संपन्न कराई गईं।

इसके अतिरिक्त **12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस** का आयोजन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर किया गया, जिसमें युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। जनवरी माह की ये गतिविधियाँ स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहीं।

2. **प्रमुख गतिविधियों का विवरण (Detailed Report):**

- **सात दिवसीय विशेष शिविर:** दिनांक 02 जनवरी 2026 से 08 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वयंसेवकों में सेवा भावना, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना रहा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने श्रमदान एवं सामुदायिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **राष्ट्रीय युवा दिवस : 12 जनवरी (राष्ट्रीय युवा दिवस)** के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वारा युवा दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच का विकास करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रेरक विचारों का वाचन, भाषण एवं चर्चा सत्र आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन ने युवाओं में जागरूकता एवं नेतृत्व भावना को सुदृढ़ किया।

# सेठ ज्ञानीराम बंशीधर पोदार कॉलेज, नवलगढ

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## (इकाई प्रथम एवं द्वितीय)

## <u>प्रतिवेदन</u>

## सात दिवसीय विशेष शिविर

## दिनांक:- 02.01.2026 से 08.01.2026 तक

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

### सात दिवसीय विशेष शिविर – प्रथम दिवस समय-सारणी (02.01.2026)

| समय | सत्र | गतिविधि का विवरण |
|---|---|---|
| **09:30 AM – 09:45 AM** | प्रारंभिक सत्र | स्वयंसेवकों की उपस्थिति एवं शिविर का शुभारंभ |
| **09:45 AM – 10:00 AM** | स्वागत सत्र | अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना |
| **10:00 AM – 10:45 AM** | प्रातःकालीन बौद्धिक सत्र | मुख्य अतिथि प्रो. एम.सी. मालू का उद्बोधन – व्यक्तित्व विकास, बौद्धिक उन्नयन एवं संवाद |
| **10:45 AM – 11:15 AM** | अध्यक्षीय उद्बोधन | प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व पर संबोधन |
| **11:15 AM – 11:30 AM** | जानकारी सत्र | शिविर की रूपरेखा एवं सात दिवसीय गतिविधियों की जानकारी – डॉ. जयप्रकाश प्रजापति |
| **11:30 AM – 11:40 AM** | धन्यवाद ज्ञापन | आभार प्रदर्शन – प्रो. रचना |
| **11:40 AM – 01:00 PM** | विश्राम | भोजनावकाश |
| **01:00 PM – 03:30 PM** | अपराह्नकालीन सत्र | श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान – पोदार खेल परिसर (पैवेलियन) |
| **03:30 PM – 04:00 PM** | जागरूकता गतिविधि | स्वच्छता संदेश एवं आमजन को जागरूक करना |
| **04:00 PM – 04:30 PM** | समापन | दिवस की समीक्षा, अनुभव साझा एवं उपस्थिति समापन |

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम

## सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रथम दिवस (02.01.2026)

### प्रथम सत्र

### (प्रातःकालीन बौद्धिक सत्र)

दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम एवं द्वितीय (प्रत्येक इकाई में 50–50 स्वयंसेवक) के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिवस के प्रातःकालीन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट के सचिव प्रो. एम.सी. मालू रहे तथा अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने की।

मुख्य अतिथि प्रो. एम.सी. मालू ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्तित्व विकास, बौद्धिक उन्नयन तथा आपसी संवाद की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेवा, स्वच्छता एवं दायित्वबोध एनएसएस की पहचान है तथा सकारात्मक सोच के माध्यम से ही युवा समाज में रचनात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने दोनों इकाइयों के कुल 100 स्वयंसेवकों से सामाजिक उत्तरदायित्व को समझते हुए शिविर की समस्त गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एनएसएस इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश प्रजापति ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आगामी सात दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मंच संचालन डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने किया तथा आभार प्रो. रचना द्वारा व्यक्त किया गया।

### द्वितीय सत्र

### (अपराह्नकालीन श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान)

प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में एनएसएस इकाई प्रथम एवं द्वितीय के कुल 100 स्वयंसेवकों द्वारा पोदार खेल परिसर (पैवेलियन) में स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पूरे परिसर में फैले कचरे को एकत्रित कर उचित स्थान पर निस्तारण किया तथा खेल परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित की।

स्वयंसेवकों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश देते हुए स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों को व्यवहार में उतारने का प्रयास किया।

स्वच्छता अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने आमजन को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ परिवेश के महत्व पर प्रकाश डाला। इस गतिविधि के माध्यम से स्वयंसेवकों में सेवा-भाव, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामूहिक सहयोग की भावना का विकास हुआ। श्रमदान करते हुए सभी स्वयंसेवकों ने उत्साह, समर्पण एवं टीम भावना का परिचय दिया, जिससे एनएसएस के आदर्शों एवं उद्देश्यों की सार्थक अभिव्यक्ति हुई।

## पोदार कॉलेज में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट नवलगढ़ की ओर से संचालित सेठ जीबी पोदार कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम एवं द्वितीय के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट के सचिव प्रो. एमसी मालू रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रो. एमसी मालू ने कहा कि विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व विकास और बौद्धिक उन्नयन पर ध्यान दें। उन्होंने परस्पर संवाद बढ़ाने, आत्मीयता एवं सहयोग की भावना विकसित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि



आपसी अपनापन और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही युवा वर्ग समाज में रचनात्मक बदलाव ला सकता है। सेवा, स्वच्छता और दायित्वबोध एनएसएस की पहचान है। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों से कहा कि वे इस शिविर में अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता गतिविधियों में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने गुरुदेवों और संस्थान के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सेवा और अनुशासन की भावना को जीवन का अंग बनाएं। शिविर की रूपरेखा एवं प्रथम दिवस की गतिविधियां एनएसएस इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश प्रजापति ने आगामी सात दिनों में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। आभार प्रो. रचना ने जताया। मंच संचालन डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने किया। शिविर के प्रथम दिवस पर स्वयंसेवकों ने पोदार खेल परिसर (पेवेलियन) में स्वच्छता अभियान चलाते हुए सफाई कार्य किया और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के पोदार, ट्रस्टी डॉ. वेदिका पोदार, अधिशासी निदेशक एमडी शानभाग, निदेशक पीआरए एवं आईपी डॉ. विनोद कुमार सैनी तथा महाप्रबंधक दीपांशु राव ने इस सक्रिय एवं सार्थक आयोजन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। स्वयंसेवकों को राष्ट्रसेवा के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

दैनिक नवज्योति

आपके लिए, आपके साथ

पुर, शनिवार, 3 जनवरी, 2026 | जयपुर | 8

• खेतड़ी • बुहाना • फतेहपुर • सालासर


# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ



**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, नवलगढ़।** दी आनंदीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी. बी. पोदार कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई प्रथम एवं द्वितीय के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ट्रस्ट के माननीय सचिव प्रो. एम. सी. मालू रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने की। शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। अपने उद्बोधन में प्रो. मालू ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास और बौद्धिक उन्नयन पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। उन्होंने संवाद, आत्मीयता और सहयोग की भावना को समाज में रचनात्मक बदलाव का आधार बताया। सेवा, स्वच्छता और दायित्वबोध को एन.एस.एस. की पहचान बताते हुए उन्होंने युवाओं को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. सिंह ने स्वयंसेवकों से सामाजिक दायित्व निभाने, स्वच्छता अभियान और जन-जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरुदेवों और संस्थान के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सेवा और अनुशासन को जीवन का अंग बनाने की बात कही। शिविर की रूपरेखा एन.एस.एस. इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश प्रजापति ने प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन प्रो. रचना ने किया और मंच संचालन डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने किया।

प्रथम दिवस पर स्वयंसेवकों ने पोदार खेल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कार्य किया और जन-जागरूकता का संदेश दिया। ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी डॉ. वेदिका पोदार, अधिशासी निदेशक एम. डी. शानभाग, निदेशक डॉ. विनोद कुमार सैनी तथा महाप्रबंधक दीपांशु राव ने इस आयोजन पर शुभकामनाएँ दीं और स्वयंसेवकों को राष्ट्रसेवा के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


GPS Map Camera
Google
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.842957° Long 75.250132°
Friday, 02/01/2026 12:10 PM GMT +05:30


The Anandilal Podar Trust
Nawalgarh
GPS Map Camera
Google
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.843005° Long 75.250053°
Friday, 02/01/2026 12:24 PM GMT +05:30


SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE, NAWALGARH
राष्ट्रीय सेवा योजना
NOT ME
BUT YOU
GPS Map Camera
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.842782° Long 75.249977°
Friday, 02/01/2026 01:03 PM GMT +05:30
Google


SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE, NAWALGARH
राष्ट्रीय सेवा योजना
NOT ME
(NSS)
GPS Map Camera
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.842974° Long 75.24995°
Friday, 02/01/2026 01:17 PM GMT +05:30
Google

# <u>सात दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस</u> (03.01.2026)

## ❖ प्रथम सत्रः-

## (तकनीकी शिक्षा एवं विद्युत ऊर्जा संरक्षण)

दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज, नवलगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन प्रथम सत्र में तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत विद्युत ऊर्जा संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंजीनियर पूजा चौधरी, जेईएन, विद्युत निगम नवलगढ़ रहीं। उन्होंने बिजली संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऊर्जा की बचत से न केवल आर्थिक लाभ होता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। उन्होंने सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा इसके दीर्घकालीन आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की जानकारी दी। साथ ही स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली खपत की सटीक जानकारी, पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था, कुसुम योजना के लाभ तथा आकाशीय बिजली से सुरक्षा हेतु तड़ित चालक लगाने की आवश्यकता पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स ऑफिसर श्री अनिल कुमार मीणा ने खेलों के सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, टीमवर्क एवं आत्मविश्वास विकसित करते हैं। रमेश पारीक ने एन.एस.एस. के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे युवाओं में सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने वाला बताया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## ❖ द्वितीय सत्रः-

## (शैक्षिक जागरूकता रैली)

एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन द्वितीय सत्र में सामाजिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियों के अंतर्गत रेलवे स्टेशन की कच्ची बस्ती में शिक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और घर-घर जाकर अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा शिक्षा के महत्व के

प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने नारे, संवाद एवं प्रेरक संदेशों के माध्यम से बताया कि शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है। उन्होंने अभिभावकों को यह समझाया कि शिक्षित बच्चे न केवल अपने परिवार का भविष्य संवारते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने बालिका शिक्षा, नशा मुक्ति एवं नियमित विद्यालय उपस्थिति पर विशेष जोर दिया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और स्वयंसेवकों के प्रयासों को सकारात्मक बताया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सात दिवसीय विशेष शिविर – द्वितीय दिवस का संशोधित समय-सारणी (03.01.2026)**

| समय | सत्र | गतिविधि का विवरण |
|---|---|---|
| **09:30 AM – 09:45 AM** | प्रारंभिक सत्र | स्वयंसेवकों की उपस्थिति एवं दिवस का शुभारंभ |
| **09:45 AM – 10:00 AM** | प्रस्तावना सत्र | विषय परिचय एवं अतिथियों का स्वागत |
| **10:00 AM – 11:00 AM** | प्रातःकालीन सत्र | **तकनीकी शिक्षा एवं विद्युत ऊर्जा संरक्षण** पर व्याख्यान – मुख्य अतिथि इंजीनियर पूजा चौधरी (JEN, विद्युत निगम, नवलगढ़) |
| **11:00 AM – 11:30 AM** | जानकारी सत्र | सौर ऊर्जा, स्मार्ट मीटर, कुसुम योजना एवं तड़ित चालक पर जागरूकता |
| **11:30 AM – 12:00 PM** | विशिष्ट अतिथि उद्बोधन | खेलों का सामाजिक महत्व – श्री अनिल कुमार मीणा एवं NSS महत्व – श्री रमेश पारीक |
| **12:00 PM – 01:30 PM** | विश्राम | भोजनावकाश |
| **01:30 PM – 03:30 PM** | अपराह्नकालीन सत्र | **शैक्षिक जागरूकता रैली** – रेलवे स्टेशन की कच्ची बस्ती |
| **03:30 PM – 04:00 PM** | जनसंपर्क एवं संवाद | शिक्षा, बालिका शिक्षा, नशा मुक्ति एवं नियमित विद्यालय उपस्थिति पर जागरूकता |
| **04:00 PM – 04:30 PM** | समापन | दिवस समीक्षा, अनुभव साझा एवं उपस्थिति समापन |


राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
Unit - I | Unit - II
GPS Map Camera
Nawalgarh,Rajasthan,India
Station Road, Nawalgarh, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.843017, Long 75.250107
Saturday, 03/01/2026 12:00 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


The Anandilal Podar Trust
Nawalgarh
राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
G.S.S.S
BIDASAR


राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
GPS Map Camera
Nawalgarh,Rajasthan,India
Station Road, Nawalgarh, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.843025, Long 75.250065
Saturday, 03/01/2026 12:24 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


राष्ट्रीय सेवा योजना
SCHEME
GPS Map Camera
Nawalgarh,Rajasthan,India
Station Road, Nawalgarh, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.843029, Long 75.250071
Saturday, 03/01/2026 12:20 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE, NAWALGARH
(Grade "A" In NAAC Accreditation)
राष्ट्रीय सेवा योजना
(NSS)
GPS Map Camera
Nawalgarh,Rajasthan,India
Station Road, Nawalgarh, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.843533, Long 75.248522
Saturday, 03/01/2026 12:54 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Nawalgarh,Rajasthan,India
Station Road, Nawalgarh, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.843522, Long 75.248596
Saturday, 03/01/2026 12:54 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

# <u>सात दिवसीय विशेष शिविर का तृतीय दिवस</u> (04.01.2026)

## ❖ प्रथम सत्रः-

## योग एवं प्राणायाम द्वारा शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान

एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। यह शिविर दी आनन्दलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज, नवलगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगाचार्य श्री विवेक तिवारी (ए.पी.टी., नवलगढ़) रहे।

अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को योग एवं प्राणायाम के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है।

उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे योग को केवल अभ्यास तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाएं। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने ध्यानपूर्वक उनके विचारों को सुना और योग के लाभों को समझा। सत्र का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा अनुशासित और संतुलित जीवन के लिए प्रेरित करना रहा। प्रथम सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद सिद्ध हुआ।

## ❖ द्वितीय सत्र:-

## (सामूहिक योग अभ्यास एवं दौड़ प्रतियोगिता)

तृतीय दिवस के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों के लिए सामूहिक योग अभ्यास एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों में शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक एकाग्रता, अनुशासन एवं सामूहिक सहभागिता की भावना का विकास करना रहा। योगाचार्य श्री

विवेक तिवारी के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।

योग अभ्यास के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। इसके पश्चात आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई, जिससे उनमें खेल भावना, आत्मविश्वास एवं ऊर्जा का संचार हुआ। इस सत्र ने स्वयंसेवकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रचना द्वारा प्रस्तुत किया गया, जबकि आभार वक्तव्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश प्रजापति द्वारा दिया गया। मंच संचालन गुंजन सैनी बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की स्वयंसेविका द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सात दिवसीय विशेष शिविर – तृतीय दिवस का संशोधित समय-सारणी (04.01.2026)

| **समय** | **सत्र** | **गतिविधि का विवरण** |
|---|---|---|
| **09:30 AM – 09:45 AM** | उद्घाटन सत्र | दीप प्रज्वलन एवं शिविर का शुभारंभ |
| **09:45 AM – 10:00 AM** | स्वागत सत्र | स्वागत उद्बोधन |
| **10:00 AM – 11:15 AM** | प्रातःकालीन सत्र | **योग एवं प्राणायाम द्वारा शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य** पर व्याख्यान – योगाचार्य श्री विवेक तिवारी |
| **11:15 AM – 11:45 AM** | संवाद सत्र | योग, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली पर चर्चा |
| **11:45 AM – 01:15 PM** | विश्राम | भोजनावकाश |
| **01:15 PM – 02:45 PM** | अपराह्नकालीन सत्र | **सामूहिक योग अभ्यास, प्राणायाम एवं ध्यान** |
| **02:45 PM – 03:45 PM** | खेल गतिविधि | **दौड़ प्रतियोगिता** |
| **03:45 PM – 04:15 PM** | समीक्षा सत्र | अनुभव साझा एवं स्वास्थ्य जागरूकता |
| **04:15 PM – 04:30 PM** | समापन | आभार एवं दिवस समापन |



CMYK

झुंझुनं,सीकर, बाड़मेर शेखावाटी सन्देश

अधिकतम तापमान 13.0° न्यूनतम तापमान 11.8° जयपुर, सोमवार 05 जनवरी 2026 03

आह्वान एन.एस.एस. विशेष शिविर का तीसरा दिन

# योग और प्राणायाम से स्वयंसेवकों ने सीखा स्वस्थ जीवन का मंत्र

सीकर सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ की ओर से संचालित सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की इकाई प्रथम एवं द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक तिवारी, योगाचार्य, ए.पी.टी. नवलगढ़ रहे। प्रथम सत्र में उन्होंने स्वयंसेवकों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्त्व से अवगत कराते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित योग एवं प्राणायाम स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को केवल अभ्यास न मानकर अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाएं। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों के लिए सामूहिक योग अभ्यास एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस सत्र का उद्देश्य अनुशासन, शारीरिक स्फूर्ति एवं मानसिक एकाग्रता का विकास करना रहा। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रचना द्वारा प्रस्तुत किया गया, जबकि आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश प्रजापति ने किया। मंच संचालन बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा गुंजन सैनी ने किया।

इस अवसर पर दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी डॉ. वेदिका पोदार, अधिशासी निदेशक एस.डी. शानभाग, निदेशक पी.आर. एवं आई.पी. डॉ. विनोद कुमार सैनी तथा महाप्रबंधक दीपांशु राव ने शिविर के सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन पर स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं आयोजकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

नियमित योग एवं प्राणायाम स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन की कुंजी




GPS Map Camera
12:21 PM
04 Jan 2026
Sunday
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.843006° Long 75.250132°


GPS Map Camera
12:26 PM
04 Jan 2026
Sunday
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.843009° Long 75.250108°


GPS Map Camera
01:00 PM
04 Jan 2026
Sunday
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.842728° Long 75.250774°


GPS Map Camera
01:08 PM
04 Jan 2026
Sunday
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.842743° Long 75.250779°

# <u>सात दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस</u> (05.01.2026)

## ❖ प्रथम सत्रः-

## (सेवा, स्वच्छता एवं डिजिटल जागरूकता अभियान)

एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज, नवलगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के स्वयंसेवकों ने गोद लिए गए ग्राम बिरोल में सेवा, स्वच्छता एवं डिजिटल जागरूकता से जुड़ी गतिविधियाँ संचालित कीं। कार्यक्रम की शुरुआत निकुदास जी के आश्रम में पहुँचकर बाबा जी से आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ हुई। इस अवसर पर ग्राम बिरोल के सरपंच प्रतिनिधि श्री नरेंद्र कड़वाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने निकुदास जी के आश्रम परिसर में पौधों को पानी देकर, आसपास की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इस श्रमदान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करना रहा। इसके पश्चात एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को डिजिटल भुगतान प्रणाली के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कैशलेस लेनदेन, यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग एवं सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन की जानकारी सरल भाषा में दी। स्वयंसेवकों ने डिजिटल भुगतान से होने वाले समय, धन एवं पारदर्शिता के लाभों को भी समझाया। इस सत्र के माध्यम से ग्रामीणों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने तथा डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक पहल की गई।

## ❖ द्वितीय सत्र:-

## (ग्राम विकास, स्वच्छता एवं सामाजिक चेतना पर व्याख्यान)

चतुर्थ दिवस के द्वितीय सत्र में ग्राम बिरोल में **प्रेरक उद्बोधन कार्यक्रम** का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि श्री नरेंद्र कड़वाल ने ग्राम विकास एवं सामाजिक दायित्वों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण ग्राम विकास की आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से दूरी बनाकर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएँ।

मुख्य अतिथि ने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मंच संचालन बी.बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा गुंजन सैनी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम अधिकारी (इकाई प्रथम) डॉ. जयप्रकाश प्रजापति ने प्रस्तुत किया, जबकि कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रचना ने सभी अतिथियों, ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सात दिवसीय विशेष शिविर – चतुर्थ दिवस का संशोधित समय-सारणी (05.01.2026)

| समय | सत्र | गतिविधि का विवरण |
|---|---|---|
| **09:30 AM – 09:45 AM** | प्रारंभिक सत्र | स्वयंसेवकों की उपस्थिति एवं ग्राम बिरोल प्रस्थान |
| **09:45 AM – 10:00 AM** | आध्यात्मिक सत्र | निकुदास जी के आश्रम में बाबा जी से आशीर्वाद |
| **10:00 AM – 11:15 AM** | प्रातःकालीन सत्र | **सेवा एवं स्वच्छता अभियान** – श्रमदान, आश्रम परिसर की सफाई, पौधों को पानी देना |
| **11:15 AM – 12:30 PM** | जागरूकता सत्र | **डिजिटल जागरूकता अभियान** – UPI, मोबाइल बैंकिंग, कैशलेस लेनदेन |
| **12:30 PM – 01:30 PM** | विश्राम | भोजनावकाश |
| **01:30 PM – 02:30 PM** | अपराहनकालीन सत्र | **ग्राम विकास, स्वच्छता एवं सामाजिक चेतना** पर व्याख्यान – श्री नरेंद्र कड़वाल |
| **02:30 PM – 03:30 PM** | प्रेरक सत्र | युवाओं की भूमिका, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक दायित्व |
| **03:30 PM – 04:00 PM** | स्वागत–आभार सत्र | स्वागत – डॉ. जयप्रकाश प्रजापति, आभार – प्रो. रचना |
| **04:00 PM – 04:30 PM** | समापन | समीक्षा, अनुभव साझा एवं दिवस समापन |


GPS Map Camera
12:01 PM
05 Jan 2026
Monday
Birol, Rajasthan, India
R8r5+vrx, Birol, Rajasthan 333304, India
Lat 27.840529° Long 75.310333°




SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE, NAWALGARH
राष्ट्रीय सेवा योजना
NOT ME
(NSS)
BUT YOU
Government of India
Ministry of Youth Affairs and Sports
सात दिवसीय "विशेष शिविर"
Rambilas Podar Road, NAWALGARH (Rajasthan) 333042



# सात दिवसीय विशेष शिविर का पंचम दिवस (06.01.2026)

## ❖ प्रथम सत्रः-

## (खेलकूद गतिविधियों द्वारा शारीरिक एवं मानसिक विकास)

दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज, नवलगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिवस का प्रथम सत्र खेलकूद गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ। इस सत्र में स्वयंसेवकों के लिए वॉलीबॉल, बैडमिंटन, लंबी कूद एवं ऊँची कूद जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने पूरे जोश, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया।

खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वयंसेवकों में शारीरिक स्फूर्ति, मानसिक संतुलन, आपसी सहयोग तथा टीम भावना का विकास हुआ। वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन जैसे टीम एवं व्यक्तिगत खेलों ने स्वयंसेवकों को समन्वय, रणनीति एवं नेतृत्व के गुण सिखाए, वहीं लंबी व ऊँची कूद जैसी प्रतियोगिताओं ने आत्मविश्वास एवं साहस को बढ़ावा दिया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम के महत्व को समझने तथा तनावमुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। प्रथम सत्र मनोरंजक होने के साथ-साथ अनुशासन, प्रतिस्पर्धा एवं आत्मविकास की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

## ❖ द्वितीय सत्रः-

## (डिजिटल जागरूकता एवं प्रबंधन कौशल पर बौद्धिक संवाद)

एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिवस के द्वितीय सत्र में बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एच.पी. सिंह, डीन, कम्प्यूटर विज्ञान संकाय, पोदार कॉलेज रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टी.पी.ओ. श्री अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पोस्टर विमोचन के साथ किया गया।

अपने उद्बोधन में डॉ. एच.पी. सिंह ने बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए डिजिटल जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, मजबूत पासवर्ड, सोशल मीडिया सावधानियाँ एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। विशिष्ट अतिथि श्री अनिल कुमार शर्मा ने मोबाइल ऐप्स के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की सावधानियों एवं साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जॉब प्लेसमेंट, करियर अवसरों, कौशल विकास एवं रोजगार संभावनाओं से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की। इस सत्र ने स्वयंसेवकों को तकनीक के सुरक्षित, जिम्मेदार एवं सकारात्मक उपयोग के लिए प्रेरित किया तथा उनके प्रबंधन एवं करियर दृष्टिकोण को सुदृढ़ किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सात दिवसीय विशेष शिविर – पंचम दिवस का संशोधित समय-सारणी (06.01.2026)

| समय | सत्र | गतिविधि का विवरण |
|---|---|---|
| **09:30 AM – 09:45 AM** | प्रारंभिक सत्र | स्वयंसेवकों की उपस्थिति एवं दिवस का शुभारंभ |
| **09:45 AM – 11:15 AM** | प्रातःकालीन सत्र | **खेलकूद गतिविधियाँ** – वॉलीबॉल, बैडमिंटन |
| **11:15 AM – 12:15 PM** | खेल प्रतियोगिता | **एथलेटिक्स** – लंबी कूद एवं ऊँची कूद |
| **12:15 PM – 01:30 PM** | विश्राम | भोजनावकाश |
| **01:30 PM – 01:45 PM** | उद्घाटन सत्र | पोस्टर विमोचन एवं अतिथियों का स्वागत |
| **01:45 PM – 02:45 PM** | अपराह्नकालीन सत्र | **डिजिटल जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा** – मुख्य अतिथि डॉ. एच.पी. सिंह |
| **02:45 PM – 03:45 PM** | संवाद सत्र | **प्रबंधन कौशल, करियर एवं प्लेसमेंट** – विशिष्ट अतिथि श्री अनिल कुमार शर्मा |
| **03:45 PM – 04:15 PM** | प्रश्नोत्तर | प्रतिभागियों से संवाद |
| **04:15 PM – 04:30 PM** | समापन | दिवस समापन एवं उपस्थिति |

# एनएसएस शिविर: डिजिटल सोच व प्रबंधन कौशल का संगम

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, नवलगढ़।** दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी. बी. पोद्दार कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। दिन की शुरुआत खेलकूद गतिविधियों से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने वॉलीबॉल, बैडमिंटन, लंबी और ऊंची कूद जैसे खेलों में सक्रिय भागीदारी की। इन खेलों ने प्रतिभागियों में टीम भावना, अनुशासन और मनोरंजन की भावना को प्रबल किया। द्वितीय सत्र बौद्धिक गतिविधियों पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एच. पी. सिंह, डीन, कम्प्यूटर



विज्ञान संकाय, पोदार कॉलेज तथा विशिष्ट अतिथि टी.पी.ओ. अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने पोस्टर का विधिवत विमोचन किया। अपने उद्बोधन में डॉ. सिंह ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए डिजिटल जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और साइबर सुरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां साझा की। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार शर्मा ने मोबाइल ऐप्स के सुरक्षित उपयोग और साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जॉब प्लेसमेंट, करियर अवसरों और रोजगार से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की। उनके विचारों से स्वयंसेवकों को तकनीक के सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार, ट्रस्टी डॉ. वेदिका पोदार, अधिशासी निदेशक एम.डी. शानभाग, निदेशक डॉ. विनोद कुमार सैनी और महाप्रबंधक दीपांशु राव ने शिविर की सफलता पर स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों और आयोजकों को हार्दिक बधाई दी। शिविर का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

दैनिक नवज्योति

पके लिए, आपके साथ
iniknavajyoti.com








SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE, NAWALGARH
NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
Ministry of Youth Affairs and Sports
Government of India
Unit - I
Unit - II
Rambilas Podar Road, NAWALGARH (Rajasthan) 333042





## <u>सात दिवसीय विशेष शिविर का षष्ठम दिवस</u> (07.01.2026)

### ❖ प्रथम सत्रः-

### (बौद्धिक प्रतियोगिताओं से ज्ञान, तर्क एवं नेतृत्व का विकास)

दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज, नवलगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिवस के प्रथम सत्र में बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस सत्र के अंतर्गत स्वयंसेवकों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य स्वयंसेवकों की तार्किक क्षमता, रचनात्मक अभिव्यक्ति, विषयगत समझ तथा समसामयिक मुद्दों पर पकड़ को परखना रहा।

निबंध प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने सामाजिक, राष्ट्रीय एवं युवा सरोकारों से जुड़े विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से उनकी बौद्धिक सतर्कता एवं त्वरित निर्णय क्षमता का मूल्यांकन किया गया। प्रथम सत्र ने स्वयंसेवकों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धात्मक भावना तथा बौद्धिक विकास को सुदृढ़ किया और उन्हें सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित किया।

### ❖ द्वितीय सत्र:-

### (मानसिक मजबूती एवं सकारात्मक सोच पर प्रेरणादायी व्याख्यान)

एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिवस के द्वितीय सत्र में मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक संतुलन विषय पर प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं 'कंगारू माइंड्स' की फाउंडर डॉ. वेदिका पोदार रहीं। उन्होंने अपने प्रभावशाली एवं सरल उद्बोधन से स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार किया।

डॉ. वेदिका पोदार ने कहा कि स्वस्थ मन ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसिक स्वास्थ्य कोई कमजोरी नहीं, बल्कि हमारे समग्र व्यक्तित्व का मूल आधार है।

उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव, दैनिक जीवन की चुनौतियों एवं टीमवर्क के दौरान उत्पन्न मतभेदों से निपटने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अत्यधिक गैजेट उपयोग से दूरी बनाकर वास्तविक सामाजिक संवाद, सकारात्मक दिनचर्या एवं आत्मचिंतन को अपनाएँ। सत्र के अंत में डॉ. वेदिका ने स्वयंसेवकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। मंच संचालन प्रो. शांतिलाल जोशी द्वारा किया गया। इस सत्र ने स्वयंसेवकों को मानसिक रूप से सशक्त, संतुलित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सात दिवसीय विशेष शिविर – षष्ठम दिवस का संशोधित समय-सारणी (07.01.2026)

| समय | सत्र | गतिविधि का विवरण |
|---|---|---|
| **09:30 AM – 09:45 AM** | प्रारंभिक सत्र | स्वयंसेवकों की उपस्थिति एवं दिवस का शुभारंभ |
| **09:45 AM – 10:45 AM** | प्रातःकालीन सत्र | **निबंध लेखन प्रतियोगिता** – सामाजिक, राष्ट्रीय एवं युवा सरोकार |
| **10:45 AM – 11:45 AM** | बौद्धिक गतिविधि | **प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता** – ज्ञान, तर्क एवं त्वरित निर्णय |
| **11:45 AM – 01:30 PM** | विश्राम | भोजनावकाश |
| **01:30 PM – 01:45 PM** | स्वागत सत्र | अतिथि परिचय एवं सत्र प्रस्तावना |
| **01:45 PM – 03:00 PM** | अपराह्नकालीन सत्र | **मानसिक मजबूती एवं सकारात्मक सोच** पर प्रेरणादायी व्याख्यान – डॉ. वेदिका पोदार |
| **03:00 PM – 03:45 PM** | संवाद सत्र | प्रश्नोत्तर एवं मानसिक स्वास्थ्य चर्चा |
| **03:45 PM – 04:15 PM** | समापन सत्र | धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रेरक संदेश |
| **04:15 PM – 04:30 PM** | दिवस समापन | उपस्थिति एवं दिन की समाप्ति |



एन.एस.एस. शिविर में सिखाए मानसिक मजबूती के मंत्र

# स्वस्थ मन ही सशक्त राष्ट्र का आधार : डॉ. वेदिका पोदार


- डॉ. वेदिका पोदार ने अपने दमदार व्याख्यान से स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा का संचार किया

सीमा सन्देश संवाददातास

नवलगढ़। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन बौद्धिक विमर्श और प्रेरणा के नाम रहा। शिविर में स्वयंसेवकों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला, बल्कि उन्हें आधुनिक जीवन की सबसे बड़ी चुनौती यानी मानसिक स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं 'कंगारू माइंड्स' की फाउंडर डॉ. वेदिका पोदार ने अपने दमदार व्याख्यान से स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा का संचार किया।

डॉ. वेदिका ने अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य कोई बीमारी नहीं, बल्कि हमारे समग्र व्यक्तित्व का आधार है। शारीरिक फिटनेस जितनी जरूरी है, मानसिक संतुलन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि एक शांत और सकारात्मक दिमाग ही बड़ी से बड़ी चुनौतियों को अवसर में बदल सकता है।डॉ. पोदार ने छात्रों को दैनिक जीवन और परीक्षाओं के तनाव से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने समझाया कि टीम वर्क के दौरान वैचारिक मतभेदों के बावजूद मानसिक संतुलन कैसे बनाए रखें। उन्होंने युवाओं को गैजेट्स की दुनिया से बाहर निकलकर वास्तविक सामाजिक संवाद और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया।सत्र के अंत में उन्होंने स्वयंसेवकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उनके मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े जटिल प्रश्नों के उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। दिन की शुरूआत प्रथम सत्र में आयोजित निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिताओं से हुई।

इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वयंसेवकों की तार्किक क्षमता और समसामयिक विषयों पर उनकी पकड़ को परखा गया।डॉ. विनोद कुमार सैनी डायरेक्टर पी.आर. एवं आई.पी. ने अतिथियों का स्वागत किया और स्वयं सेवकों को सामूहिक समझ, सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व गुण तथा राष्ट्रीय एकता के बारे में जानकारी दी। मंच का संचालन प्रो. शांतिलाल जोशी ने किया।शिविर की सफलता और डॉ. वेदिका पोदार के प्रेरणादायक सत्र की सराहना करते हुए दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के चेयरमैन राजीव के. पोदार एवं अधिशासी निदेशक एम. डी. शानभाग ने कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE
RUN BY THE ANANDILAL PODAR TRUST, NAWALGARH
GPS Map Camera
Nawalgarh, Rajasthan, India
R7w6+vqx, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.847508° Long 75.261952°
Wednesday, 07/01/2026 11:31 AM GMT +05:30
Google


SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE
RUN BY THE ANANDILAL PODAR TRUST, NAWALGARH
GPS Map Camera
Nawalgarh, Rajasthan, India
R7w6+vqx, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.847505° Long 75.261949°
Wednesday, 07/01/2026 11:31 AM GMT +05:30
Google








SETH GYANIRAM BANSIDHAR PODAR COLLEGE
RUN BY THE ANANDILAL PODAR TRUST, NAWALGARH



## सात दिवसीय विशेष शिविर का सप्तम दिवस (08.01.2026)

### ❖ प्रथम सत्रः-

### (खेल एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभा प्रदर्शन)

दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार महाविद्यालय, नवलगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें एवं अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों हेतु विविध खेलकूद एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस सत्र में भाला फेंक, गोला फेंक तथा रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रूप से आयोजित की गईं, जिनमें स्वयंसेवकों ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सक्रिय सहभागिता निभाई।

भाला एवं गोला फेंक प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वयंसेवकों की शारीरिक दक्षता, साहस एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ, वहीं रंगोली प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने सामाजिक विषयों, राष्ट्रीय एकता, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित आकर्षक एवं सृजनात्मक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों ने स्वयंसेवकों में रचनात्मक सोच, सौंदर्यबोध एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ किया।

प्रथम सत्र का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को मंच प्रदान कर उनकी अंतर्निहित प्रतिभाओं को उजागर करना तथा टीम भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व गुणों को विकसित करना रहा। प्रतियोगिताओं के दौरान संपूर्ण वातावरण उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक बना रहा। यह सत्र न केवल मनोरंजनपूर्ण रहा, बल्कि स्वयंसेवकों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

## ❖ द्वितीय सत्र:-
## (गरिमामय समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण)

एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें एवं अंतिम दिवस के द्वितीय सत्र में समापन समारोह का आयोजन गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के सचिव श्री एम.सी. मालू रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने की। समारोह के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयप्रकाश प्रजापति द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें शिविर के दौरान आयोजित सेवा कार्यों, सामाजिक जागरूकता अभियानों, खेलकूद एवं बौद्धिक गतिविधियों का समग्र विवरण दिया गया।

मुख्य अतिथि श्री एम.सी. मालू ने अपने उद्बोधन में एन.एस.एस. को युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक दायित्वबोध एवं राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों तक किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के प्रति सदैव संवेदनशील एवं सक्रिय बने रहने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

समापन समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार प्राप्त करते समय स्वयंसेवकों के चेहरे पर उत्साह, आत्मगौरव एवं उपलब्धि की स्पष्ट झलक दिखाई दी। कार्यक्रम के अंत में प्रो. रचना द्वारा आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। समारोह का समापन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

## **राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**

सात दिवसीय विशेष शिविर – सप्तम दिवस का संशोधित समय-सारणी (08.01.2026)

| **समय** | **सत्र** | **गतिविधि का विवरण** |
|---|---|---|
| **09:30 AM – 09:45 AM** | प्रारंभिक सत्र | स्वयंसेवकों की उपस्थिति एवं दिवस का शुभारंभ |
| **09:45 AM – 11:15 AM** | प्रातःकालीन सत्र | **खेलकूद एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताएँ** – भाला फेंक, गोला फेंक, रंगोली |
| **11:15 AM – 12:30 PM** | प्रतिभा प्रदर्शन | प्रतियोगिता मूल्यांकन एवं प्रदर्शनी |
| **12:30 PM – 01:30 PM** | विश्राम | भोजनावकाश |
| **01:30 PM – 01:45 PM** | उद्घाटन सत्र | **समापन समारोह** का शुभारंभ एवं अतिथि स्वागत |
| **01:45 PM – 02:15 PM** | प्रतिवेदन सत्र | सात दिवसीय विशेष शिविर प्रतिवेदन – डॉ. जयप्रकाश प्रजापति |
| **02:15 PM – 03:00 PM** | मुख्य समारोह | मुख्य अतिथि श्री एम.सी. मालू का उद्बोधन |
| **03:00 PM – 03:30 PM** | अध्यक्षीय उद्बोधन | प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह |
| **03:30 PM – 04:00 PM** | पुरस्कार वितरण | विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मान |
| **04:00 PM – 04:20 PM** | आभार सत्र | आभार ज्ञापन – प्रो. रचना |
| **04:20 PM – 04:30 PM** | समापन | राष्ट्र निर्माण संकल्प एवं शिविर समापन |

# एन.एस.एस. विशेष शिविर का समापन, प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

सीमा सन्देश संवाददाता



**नवलगढ़।** दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ़ द्वारा संचालित सेठ जी.बी. पोदार महाविद्यालय, नवलगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सातवाँ एवं अंतिम दिन उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट के सचिव एम.सी. मालू रहे।

अध्यक्षता अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने की।कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें भाला फेंक, गोला फेंक एवं रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। इन प्रतियोगिताओं में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा एवं सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। खेल एवं कला गतिविधियों ने स्वयंसेवकों में टीम भावना, अनुशासन तथा सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को और सुदृढ़ किया।द्वितीय सत्र में शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. जयप्रकाश प्रजापति द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें शिविर के दौरान आयोजित सभी गतिविधियों, सेवा कार्यों एवं उपलब्धियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई।मुख्य अतिथि एम.सी. मालू ने अपने उद्बोधन में एन.एस.एस. को युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, सामाजिक दायित्व एवं राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों तक किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के प्रति सदैव संवेदनशील रहने का संदेश दिया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भावना की प्रशंसा की तथा ऐसे शिविरों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।समापन समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार प्राप्त कर स्वयंसेवकों के चेहरों पर विशेष उत्साह एवं गर्व की अनुभूति देखने को मिली।कार्यक्रम के अंत में प्रो. रचना द्वारा आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, महाविद्यालय प्रशासन, कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।


GPS Map Camera
Google
Nawalgarh, Rajasthan, India
R6vx+8wv, Nawalgarh, Rajasthan 333042, India
Lat 27.842941° Long 75.250138°
Thursday, 08/01/2026 01:17 PM GMT +05:30


Nawalgarh


The Anandilal Podar Trust
Nawalgarh




The Anandilal Podar Trust
Nawalgarh
NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)
Unit - I


The Anandilal Podar Trust
NSS





राष्ट्रीय सेवा योजना
(NSS)